शहर में जल्द बनेंगे सामुदायिक शौचालय

राधानगर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण को जमीन का निरीक्षण करती नगर पालिका ईओ रश्मि भारती।

अमर उजाला ब्यूरो

फतेहपुर। शहर में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत स्वच्छता अभियान के तहत बनने वाले इन शौचालयों के लिए नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने शुक्रवार को दस स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ईओ ने ग्राम समाज लिपिक को जमीन का सीमांकन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। ईओ ने टीम के साथ राधानगर बांदा- सागर रोड, राधानगर नई बस्ती, विनोवा नगर, मिट्ठनपुर, जयरामपुर का पुरवा, तुराबअली का पुरवा, बीबीपुर, पीरनपुर समेत दस स्थानों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराने के लिए स्थान का निरीक्षण किया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर की सभी मलिन बस्तियों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाना है। ईओ ने बताया कि पूरे शहर में जहां भी गरीब परिवार रहते हैं और उनके घरों में शौचालय नहीं हैं, वहां पर नगर पालिका परिषद अपनी जमीन पर पांच से लेकर 10 सीटों की क्षमता वाले शौचालयों का निर्माण कराएगी।